# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1051 /04/परीक्षा/MSU/2022–23 दिनांक: 29.07.2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय :– महाविद्यालय में आधारभूत सुविधाओं एवं संचालित पाठ्यक्रमों में शिक्षकों के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जैसा कि अवगत है कि शैक्षणिक सत्र 2022–23 में सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों मे प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है। शासन द्वारा प्रतिमाह महाविद्यालयों को औचक निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु आदेशित किया गया है। कृपया महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में पठन–पाठन हेतु आवश्यक व्यवस्था एवं जहां पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं है, वहां शिक्षकों को निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये चयन प्रक्रिया पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कर ले।

सूच्य है कि महाविद्यालयों द्वारा शिक्षकों के चयन हेतु विषय–विशेषज्ञ नामित करा लिये जाते है, किन्तु कोई न कोई कारण दर्शाते हुये शिक्षकों की चयन प्रक्रिया पूर्ण नहीं करते है। यह स्थिति अत्यन्त आपत्तिजनक है।

इस सम्बन्ध में मुझे कहने का निर्देश हुआ है कि जिन महाविद्यालयों में शिक्षक उपलब्ध नहीं है वे महाविद्यालय दो समाचार–पत्रों में तीन–तीन बार विज्ञापन प्रकाशित कराते हुये विश्वविद्यालय से विषय–विशेषज्ञ नामित कराकर तीन माह के भीतर चयन प्रक्रिया पूर्ण कर विश्वविद्यालय में पत्रावली अनुमोदन हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिन महाविद्यालयों द्वारा पूर्व में विषय–विशेषज्ञ नामित करा लिये गये है वह महाविद्यालय एक माह के भीतर चयन प्रक्रिया पूर्ण कर अनुमोदन हेतु विश्वविद्यालय में पत्रावली उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में औचक निरीक्षण के समय कमी पाये जाने पर महाविद्यालय के विरूद्ध पारित किये जाने वाले आदेश के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगे।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. परीक्षा समन्वयक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
02. सहायक कुलसचिव।
03. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुये छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
04. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव